# जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने की कार्यनीति 2025/26 से 2027/28 पर परामर्श

## परिचय

जुए से होने वाली हानि हमारे समुदायों, व्यक्तियों, परिवारों और whānau (फानाऊ) के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा है। न्यूज़ीलैंड में पाँच में से लगभग एक व्यक्ति अपने या किसी अन्य व्यक्ति के जुए के कारण नुकसान का अनुभव करता है।

हमारे समुदायों में एक बराबर नुकसान महसूस नहीं किया जाता, क्योंकि माओरी, प्रशांत के लोग, एशियाई लोग और युवा अन्य जनसंख्या समूहों की तुलना में जुए से अधिक नुकसान का अनुभव करते हैं।

जुआ अधिनियम 2003 के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय को हर तीन साल में एक प्रस्तावित कार्यनीति पर परामर्श करना होता है, जिसमें जुए के कारण लोगों, whānau (फानाऊ) और समुदायों को होने वाले नुकसान को रोकने और उसे कम से कम करने के लिए सेवाएं भी शामिल हैं। इसके हिस्से के रूप में, मंत्रालय जुआ संचालकों से कार्यनीति विकसित करने और उसे लागू करने की लागत वसूलने के लिए लेवी (शुल्क) लेने के विकल्पों पर परामर्श करता है।

**जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने की कार्यनीति 2025/26 से 2027/28 पर मंत्रालय अब परामर्श कर रहा है।**

यह ड्राफ्ट कार्यनीति योजना (हम क्या हासिल करेंगे), ड्राफ्ट सेवा योजना (हम इसे कैसे हासिल करेंगे), और ड्राफ्ट वित्त पोषण स्तर और लेवी दरों (इसे कैसे वित्त पोषित किया जाएगा) के बारे में अपनी बात रखने का अवसर है।

इस परामर्श से प्राप्त प्रतिक्रिया जुआ आयोग को प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी का हिस्सा होगी, जो अपना स्वयं का परामर्श करेगी और इस काम के अगले चरण के हिस्से के रूप में सरकार को सिफारिशें करेगी। नई कार्यनीति और शुल्क 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे।

नई कार्यनीति जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने के लिए पिछली कार्यनीतियों पर आधारित है और सरकार के स्वास्थ्य लक्ष्यों और मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यसन की प्राथमिकताओं के साथ संरेखित है, और इसका व्यापक लक्ष्य है कि न्यूज़ीलैंड के लोगों की जीवन प्रत्याशा और जीवन की गुणवत्ता जुए से होने वाले नुकसान से प्रभावित न हो।

अगले तीन वर्षों में, प्रस्तावित मुख्य केंद्र का विषय है जुआ नुकसान की बचाव सेवाओं तक पहुँच बेहतर करना, प्रारंभिक हस्तक्षेप और उन लोगों के लिए प्रभावी सहायता उपलब्ध कराना जिन्हें जुए से नुकसान का सबसे अधिक खतरा है, तथा जुआ नुकसान [सहायता सेवाओं के] कार्यबल को विकसित करने और समर्थन करने के लिए – नैदानिक और सहकर्मी दोनों का नेतृत्व करना है।

## कार्यनीति योजना (हम क्या हासिल करेंगे)

ड्राफ्ट कार्यनीति मानसिक स्वास्थ्य और लत के लिए सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाती है। जुए से होने वाले नुकसान के संबंध में, ये प्राथमिकताएं हैं:

- जुआ नुकसान समर्थन [सेवाओं] तक पहुँच बढ़ाना
- जुआ नुकसान [समर्थन सेवाओं] का कार्यबल बढ़ाना
- जुए से होने वाले नुकसान की रोकथाम और शुरुआती हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करना
- जुआ नुकसान समर्थन [सेवाओं] की प्रभावशीलता में सुधार करना।

ये प्राथमिकताएं जुए से होने वाले नुकसान से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले लोगों का समर्थन करने के लिए निम्नलिखित परिणामों में योगदान देंगी:

- जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने के लिए सेवाओं और सहायता की एक पूरी श्रृंखला उपलब्ध है – रोकथाम से लेकर शुरुआती हस्तक्षेप से लेकर विशेषज्ञ सहायता तक।
- सामाजिक और सांस्कृतिक मानक जुए से होने वाले नुकसान को रोकते हैं और कम करते हैं।
- जुए से होने वाले नुक्सान की रोकथाम प्रणाली का सशक्त नेतृत्व और जवाबदेही, तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया यथासंभव समुदायों के निकट होनी चाहिए।
- उन लोगों पर एक प्रणाली के तहत ध्यान केंद्रित है जो जुए से होने वाले नुकसान के जोखिम में सबसे अधिक हैं।

## सेवा योजना (हम इसे कैसे प्राप्त करेंगे)

सेवा योजना मजबूत अनुसंधान और मूल्यांकन के समर्थन से सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैदानिक सेवाओं को निरंतरता प्रदान करेगी।

परामर्श दस्तावेज में तीन साल की सेवा योजना का ड्राफ्ट शामिल है और अगले तीन वर्षों में इन सेवाओं के लिए लागत और बजट का विवरण है।

यह फंडिंग (वित्तपोषण) वर्तमान मुख्य सेवाओं पर आधारित है, जिसमें निम्नलिखित पर ध्यान दिया गया है:

- सेवा / जनसंख्या के प्रकार (उदाहरणतः अतिरिक्त उच्च तीव्रता समर्थन) और स्थान (वर्तमान में आमने-सामने सेवा के बिना कुछ क्षेत्रों को भरने) के संदर्भ में नैदानिक सेवा प्रावधान का विस्तार करके पहुंच बढ़ाना।
- कार्यबल में नए प्रवेशकों का समर्थन करके और मौजूदा श्रमिकों को बनाए रखकर कार्यबल बढ़ाना (सहकर्मी और नैदानिक कार्यबल दोनों के लिए)।
- समुदाय-केंद्रित स्वास्थ्य वृद्धि गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रदान करके नुकसान को रोकना और जल्दी हस्तक्षेप करना।
- अनुसंधान और मूल्यांकन परियोजनाओं के एक समूह को चालू करके प्रभावशीलता में सुधार करना, जिसमें सभी नैदानिक सेवाओं का मूल्यांकन और कार्यनीति के खुद के प्रभाव का मूल्यांकन शामिल है।

सेवा योजना में तीन वर्षों में $87.718 मिलियन की लागत वाले निवेश पैकेज की रूपरेखा है। यह वर्तमान कार्यनीति के बजट पर $11.595 मिलियन की वृद्धि है और इसमें वर्तमान कार्यनीति अवधि के पूर्वानुमानित $3.412 मिलियन कम खर्च होने वाले को फिर से निवेश करना शामिल है।

इस अतिरिक्त फंडिंग में से, लगभग आधा नई सेवाओं और जुआ वातावरण में बदलाव (जैसे सेवा वृद्धि, कार्यबल विकास और एक ऑनलाइन जुआ बहिष्करण प्रणाली) के जवाब में हस्तक्षेपों के लिए है और आधा, लागत और मात्रा के दबावों की एक श्रृंखला को संबोधित करने के लिए है (सेवा विस्तार और मजदूरी दबाव के जवाबों सहित)।

**जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने के लिए सेवा योजना और बजट का सारांश ($ लाखों में – जीएसटी रहित), 2025/26 से 2027/28**

| प्राथमिकता | 2025/26 | 2026/27 | 2027/28 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **जुआ नुकसान समर्थन [सेवाओं] तक पहुँच बढ़ाना** | 11.258 | 12.023 | 12.588 | 35.868 |
| **जुआ नुकसान [समर्थन सेवाओं] का कार्यबल बढ़ाना** | 1.154 | 1.504 | 1.499 | 4.156 |
| **जुए से होने वाले नुकसान की रोकथाम और शुरुआती हस्तक्षेप पर मजबूती से ध्यान केंद्रित करना** | 10.082 | 10.049 | 10.556 | 30.687 |
| **जुआ नुकसान समर्थन [सेवाओं] की प्रभावशीलता में सुधार करना** | 3.789 | 3.654 | 2.604 | 10.047 |
| **एजेंसी की लागत** | 2.181 | 2.475 | 2.302 | 6.958 |
| **कुल** | **28.464** | **29.705** | **29.549** | **87.718** |

ध्यान दें: पूर्णांकन के कारण बजट राशि का योग नहीं हो सकता है।

### जुआ लेवी (इसे कैसे वित्त पोषित किया जाएगा)

जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और कम करने वाली सभी गतिविधियों के लिए धन, प्रॉब्लम गैंबलिंग लेवी (समस्या जुआ लेवी) से आता है – चार मुख्य जुआ क्षेत्रों (गैर-कैसीनो गेमिंग मशीन ऑपरेटर (पोकीज़), कैसीनो, TAB NZ (टैब न्यूज़ीलैंड) और Lotto NZ (लोट्टो न्यूज़ीलैंड) द्वारा किया गया भुगतान।

इस लेवी की दरें जुआ अधिनियम 2003 में एक फार्मूला (सूत्र) द्वारा निर्धारित की जाती हैं, जो यह गणना करती है कि प्रत्येक क्षेत्र को कितना भुगतान करना होगा।

यह सूत्र इस बात को ध्यान में रखते हुए कि प्रत्येक क्षेत्र में खिलाड़ियों ने कितना पैसा खोया (व्यय) और कितने लोगों ने सेवाओं का उपयोग किया (प्रस्तुतियाँ), चारों क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए लेवी दर की गणना करता है। हर तीन साल में इस लेवी की समीक्षा की जाती है, साथ ही नई कार्यनीति भी विकसित की जाती है। अगली लेवी अवधि 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2028 तक है।

परामर्श दस्तावेज़ में लेवी गणना करने के चार अलग-अलग विकल्पों पर विचार किया गया है, जो यह निर्धारित करते हैं कि प्रत्येक क्षेत्र कितना लेवी अदा करेगा। TAB NZ को छोड़कर प्रत्येक जुआ क्षेत्र के लिए प्रस्तावित लेवी दरें, वर्तमान लेवी अवधि की तुलना में 2025/26 से 2027/28 के लिए किसी भी गणना विकल्प के तहत

अधिक होंगी। गैर-कैसीनो गेमिंग मशीन संचालकों को सभी विकल्पों के तहत सबसे अधिक भुगतान करना पड़ेगा।

**अपनी बात कैसे कहें**

सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय यह जानने के इच्छुक हैं कि आप क्या सोचते हैं।

आपकी प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण है और 2025/26 से 2027/28 के लिए जुआ नुकसान को रोकने और कम करने के लिए अंतिम कार्यनीति बनाने में मदद करेगी।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपको लगता है कि हम सही चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं या हमसे कुछ छूट गया है।

कुछ प्रश्न जिनका आप अपनी प्रतिक्रिया में उत्तर देना चाहें:

- कार्यनीति योजना ने जहां अपना ध्यान केंद्रित किया है क्या आप उससे सहमत हैं? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?
- सर्विस (सेवा) योजना ने जहाँ अपना ध्यान केंद्रित किया है क्या आप उससे सहमत हैं? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?
- क्या जुआ लेवी के बारे में आपके कोई विचार हैं?
- क्या आपके पास ड्रॉफ्ट कार्यनीति या सामान्य रूप से जुए से होने वाले नुकसान पर कोई अन्य टिप्पणी है?

संपूर्ण परामर्श दस्तावेज स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर "स्ट्रेटजी टू प्रिवेंट एंड मिनिमाइज़ गैंबलिंग हार्म (जुए से होने वाले नुकसान को रोकने और न्यूनतम करने की कार्यनीति)" संबंधी परामर्श पृष्ठ पर पाया जा सकता है।

**परामर्श 6 अक्टूबर 2024 को समाप्त हो जाएगा।**

आप निम्नलिखित द्वारा फीडबैक प्रदान कर सकते हैं:

- **https://consult.health.govt.nz** पर ऑनलाइन सबमिशन (प्रस्तुति) करके
- परामर्श बैठक में भाग ले कर – **https://consult.health.govt.nz पर बैठक के विवरण यहाँ उपलब्ध होंगे**
- अपने विचार **gamblingharm@health.govt.nz** को ईमेल करके।